# 2022

# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

**General Instructions:**

I) *Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
ii) *The question paper consists of 16 main questions. All questions are compulsory.*
iii) *Internal choice has been provided in some questions.*
iv) *Marks allocated to every question are indicated against it.*

***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## खण्ड - क ( अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

मनुष्य का जीवन संसार के छोटे - बड़े प्राणियों एवं पदार्थो में श्रेष्ठ माना गया है। यह इसलिए कि मनुष्य बड़ा बुद्धिमान और कल्पनाशील प्राणी है। अपने विचारों के बल पर वह जो चाहे कर सकता है और बहुत ऊँचा उठ सकता है। परन्तु विचार सच्चे सादे और पवित्र होने के साथ-साथ मनुष्य के व्यावहारिक जीवन से संबन्ध रखने वाले होने चाह्रिए। इन्ही बातों को आधार बनाकर 'सदा जीवन उच्च विचार' मानव जीवन की सफलता की सीढ़ी माना गया है। सादगी मनुष्य के पहनावे से नही बल्कि उसके प्रत्येक हाव-भाव, विचार तथा जीवन के ढंग से टपकनी चाहिए। यही वास्तविक सादगी है, जो विचारों को भी उच्च बनाकर सब प्रकार की उन्नति और विकास का कारण बनती है। संसार का इतिहास इस सब बात का गवाह है कि आरंभ से ही सादगी पसन्द व्यक्ति ही जनता को उच्च विचार देकर उन्नति और विकास की राह प्रशस्त करते आ रहे है। डॉ. राधाकृष्णन, विनोवा भावे आदि इस तथ्य के प्रत्यक्ष प्रमाण है, और रहेंगे।

a) मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ क्यों माना गया है ? 1
b) उन्नति करने के लिए मनुष्य के कैसे विचार होना चाहिए ? 1
c) मानव जीवन की सफलता की सीढ़ी क्या है ? 1
d) किसके बल पर मनुष्य ऊँचा उठ सकता है ? 1
e) 'पवित्र' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ? 1
f) संसार का इतिहास किस बात का गवाह है ? 1
g) उन्नति और विकास का क्या कारण है ? 1
h) सादगी पसन्द व्यक्ति क्या देकर जनता को उन्नति और विकास का राह प्रशास्त करते आ रहे हैं ? 1
i) 'साथ-साथ' में कौन - सी पुनरूक्ति है ? 1
j) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ? 1

**खण्ड - ख (लेखन)**

2. **निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखिएः-** 6

क) आप अपने क्षेत्र के पोष्टमास्टर को इस आशय का पत्र लिखिए कि आप के क्षेत्र में डाक का वितरण ठीक से नही हो रहा है।

**अथवा**

ख) आदर्श शिक्षा निकेतन दीमापुर में दिनांक 14 सितम्बर 2021 को "शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजन किया गया, इसमें क्षेत्र के लगभग 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का एक प्रतिवेदन (रिर्पोट) प्रस्तुत कीजिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर 50 शब्दों में लिखिएः** 4

a) अपने बडे भाई के विवाह में भाग लेने के लिए अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए।

**अथवा**

b) 'ॲनलाईन क्लास' के लाभ हानी पर दो मित्रों के बीच चर्चा का एक संवाद लिखिए।

**खण्ड - ग ( व्याकरण )**

4. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए**:

a) 'परोपकार' शब्द का संधि विच्छेद कीजिएः 1

(i) पर + उपकार (ii) पर + अपकार (iii) पर + औपकार (iv ) परो + पकार

b) 'रात-दिन' शब्द में कोन सा समास है 1

(i) तत्पुरुष (ii) द्विगु समास (iii) कर्मधारय समाज (iv) द्वन्द्व समास

c) पुनरुक्ति के कितने भेद होते है 1

(i) तीन (ii) चार (iii) दो (iv) पाँच

d) 'में , पर' किस कारक का चिन्ह है 1

(i) कर्ता कारक (iii) कर्मकारक (iii) संप्रदान कारक (iv ) अधिकारण कारक

e) " माँ भोजन बना रही है ।" किस काल का वाक्य है 1

(i) भूत काल (ii) वर्तमान काल (iii) भविष्यन काल (iv) इनमें से कोई नही

5. **निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए** 1+1=2

क) माता (ख) संसार

6. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** $4x^1/_2=2$

(क) आकाश (ख) सपूत (ग) मालिक (घ) यश

7. **निम्नलिखित** शब्दों के लिंग बदलिए: $4x^1/_2=2$

(क) पुरूष (ख) जेठ (ग) शत्रु (घ) अनुज

8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए: 1+1=2

(क) जीना हराम कर देना (ख) दखल न देना

9. **कोष्ठक में दी गई क्रिया के सही रूप से खाली स्थान भरिए ?** 1+1=2

(क) कृपया समय........।(बताना)

(ख) उसने आज सवेरे जोविसे को......।( जगाना)

10. **निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:**

(a) I have to visit Shillong. 1

(b) We did not complete the task. 1

(c) What a beautiful picture it is ! 1

(d) Did you go to school yesterday ? 1

(e) His sisters are singers. 1

## खण्ड-घ (साहित्य)

11. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए:**

a) रोहिणी के पति का क्या नाम था ? 1

(i ) रमेश बाबू (ii) विजय बाबू (iii) दिनेशं बाबू (iv) अजय बाबू

b) सोमा बुआ के पुत्र का क्या नाम था ? 1

(i) हरखू (ii) नरेन्द्र (iii) मोहन (iv) अमर

c) " भेड़े और भड़िये" किस प्रकार की कहानी है ? 1

(i) राजनीतिक (ii) ऐतिहासिक (iii) सामाजिक (iv) प्रतीकात्मक

d) जग विभागय कब होगा ? 1

(i) जब सवेरा हो जाएगा

(ii) जव व्यक्ति स्वयं प्रकाशमय हो जाएगा।

(iii) जब दीपक जल जाएगा

(iv) जब काली रात बीत जाएगी।

e) "पुजारी भजन, पूजन और साधन" कविता का मूल संदेश क्या है ? 1

(i) एकांत अराधना ही सच्ची उपासना है ।

(ii) भजन करना ही सच्ची उपासना है ।

(iii) परिश्रम ही सच्ची उपासना है ।

(iv) देवालय में बैठाना ही सच्ची उपसना है।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए:**

a) फेरीवाले को गली के बच्चों पर ममता क्यों थी ? 2

b) वर्ष में केवल एक महीने के लिए पति के घर आंने पर सोमा बुआ का जीवन और भी अधिक दुभर क्यों हो जाता था ? 2

c) बाहर से घर का दरवाजा बन्द कर बुढ़िया ने क्या किया? 2

d) गजाधर बाबू को अकेले क्यों रहना पड़ा था ? 2

e) कानी कुतिया चक्की के पास किस आशा में सोती रही ? 2

f) कवि अपने गीत को देहरी का दीप क्यों बनाना चाहता है ? 2

**13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए ?**

a) लोगों को हमारी सहानुभूति की सबसे अधिक आवश्यकता कब होती है ? 4

**अथवा**

नीले एवं रहे रंग के सियारों नें भेड़िये के पक्ष में क्या तर्क दिये ?

b) कनक - कनक तैं सौ गुनी में कनक शब्द का अर्थ दो रूपों में किया गया है, इससे कवि क्या स्पश्ट करना चाहता है? 4

**14. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?**

"कदली सीप भुजंग मुख, स्वाति एक गुन तीन।
जैसी संगति बैठिये, तैसी ही फल दीन ।।"

(i) कदली के वृक्ष पर स्वाति नक्षत्र की बूँदें गिरने से क्या होता है ? 1

(ii) सीप के मुख में स्वाति की बूँदें पड़ने से क्या होता है ? 1

(iii) 'भुजंग' के मुख में स्वाति की बूँदे गिरने से क्या होता है ? 1

(iv) इस दोहे से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 1

(v) 'कदली' और 'भुजंग' शब्द के अर्थ लिखिए । 1

15. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

a) आज के गुरू भी सिर्फ सेवा लेने में ही चतुर है, देने में नही । उपिनषदों में आचार्यो ने कहा - "सेवा देने की चीज है, लेने की नही ।" सेवा लेने के अधिकारी बच्चे, रोगी, असहाय और वृद्ध है। बच्चों को परमेंश्वर का ही मूर्त रूप समझ सेवा-रुपी पूजा से उनकी शक्ति को प्रज्वलित करने की क्षमता और सहृदयता रखनेवाले ज्ञानी और तपस्वी पुरोहित आजकल के गुरु नही रह गये है ।

(i) आज के गुरु क्या लेने मे चतुर है ? **1**

(ii) अपनिषदों में आचार्यो ने क्या कहा है ? **1**

(iii) कौन कौन सेवा लेने के अधिकारी होते है ? **1**

(iv) बच्चे किसका मूर्त रूप है ? **1**

(v) यह गद्य खण्ड किस पाठ से लिया गया है ? **1**

**अथवा**

b) गजाधर बाबू को अपना बड़ा-सा खुला क्वार्टर याद आ गया । निश्चित जीवन, सुबह पैसेञ्जर ट्रैन आने पर स्टेशन की चहल-पहल चिर परिचित चेहरे और पटरी पर रेल के पहियों की खट-खट जो उनके लिए मधुर संगीत की तरह थी। तुफान और डाक गाड़ी के इंजनों की चिंघाड़ उनकी अकेली रातों की साथी थी। सेठ रामजीमल की मिल के कुछ लोग कभी पास आ बैठते , वही उनका दायरा था, वही उनके साथी।

(i) गजाधर बाबू को क्या याद आ गया ? (1)

(ii) सुबह पैसेञ्जर ट्रैन आने पर स्टेशन पर क्या होता था ? (1)

(iii) कौन सी चीज उनके लिए मधुर संगीत की तरह थी ? (1)

(iv) गजाधर बाबू के अकेली रातों की साथी कौन थी ? (1)

(v) किसके मिल के लोग गजाधर बाबू के पास बैठते थे ? (1)

16. **निम्नलिखत पद्यं खण्ड की संदर्भ सहित सप्रसंग व्याख्या कीजिए:** **1+1+3=5**

a) "व्यीम को छुते हुए दुर्गम पहाड़ों के शिखर
वे घने जंगल जहाँ रहता है तम आठो पहर।।"

**अथवा**

b) मुक्ति ! मुक्ति अरे कहाँ है ?
कहाँ मिलेगी मुक्ति !
अपने सृष्टि वन्ध से प्रंभु स्वयं बँधे है ।

**********